दिनांक 01.04.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम क्षेत्र के तालाबो को भरने नहर नालो की सफाई

भिलाईनगर/तांदुला जलाशय से छोड़े गये पानी को नहर के माध्यम से तालाबो में पहुॅचाने के लिए भिलाई निगम क्षेत्र के नहर नालो की सफाई युद्व स्तर पर किया जा रहा है। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम क्षेत्र के तालाबो को भरने के लिए जलाशय से छोड़े जाने वाले पानी बिना कचरे के साफ-सुथरा तालाब में पहुॅचे इसके लिए सभी जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये थे। जोन का अमला युद्व स्तर पर नहर नालो की सफाई में जुटा हुआ हैं स्मृति नगर बोगदा पुलिया से सड़क के समान्तर चलने वाले नहर , खम्हरिया जुनवानी पेट्रोल पम्प के पीछे नहर , घासीदास नगर, खुर्सीपार, हुड़को , सेक्टर 8 सहित सम्पूर्ण निगम क्षेत्र से गुजरने वाले नहर तथा बड़े नाला की सफाई किया जा रहा है। घासीदास नगर के नहर नाली में किये अतिक्रमण हो हटाया भी गया है।

जोन आयुक्त के साथ जोन स्वास्थ्य अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी की संयुक्त टीम सफाई कार्य में लगा है , ताकि सफाई में बाधा बन रहे अतिक्रमण की जाॅच कर तत्काल हटाया जा सके और तालाब तक पानी बिना व्यवधान के पहुच सके। तालाबो में पानी भरने से क्षेत्र के भू-जल स्तर में बढ़ोत्तरी के साथ नागरिको के

निस्तारी के लिए भी उपयोग में आता है।